खरिक निकट जब बछरा बोलै, सुनतहि गोधनवृंद कलोलैं ।
हूँकि हूँकि आतुर गति आवनि, इत तें इन बछरन की धावनि ।
चुरनि, चुखावनि, चाटनि, चूँबनि, बार बार हित की वह हूँसनि ।
आपुहि बछरा, आपुहि बाल, विहरत ब्रज बन मोहनलाल ।
एकाकी जस खेलत कोई, खेलन ताहि कछु न सुख होई ।
ऐसैं बरस दिवस निरवह्यौ, संकर्षन हू नाहिन लह्यौ ।
इक दिन गिरि गोधन पर गाइ, चरति ही चढ़ी आपने चाइ ।
ब्रज-समीप बछरन अवहेरि, चली जु ग्वाल सके नहिं फेरि ।
रुचिर पुच्छ ऊँची करि लई, मानहुँ ढुरत चँवर छबि छई ।
उनि उनि पग डारनि, हुंकारनि, सींचति धरनि दूध की धारनि ।
अपने बछरन पै चलि आई, मिली आइ, कछु नहिं कहि जाई ।

देखियै हँसनि, चहनि पुनि बोलनि, वैसियै लटकनि, मटकनि, डोलनि ।
नूपुर, कंकन, किंकिनि माल, सबै भये ईस्वर नँदलाल ।
बेद जु विदित बिस्व बहु जिते, सबै विष्नुमय भासत तिते ।
जो यह बानी निगमन गाई, सो प्रभु मूर्तिवंत दिखराई ।
गंगाजल ज्यौं हिमवन्त पाइ, ठाँ ठाँ सहज जाइ ठहराइ ।
आपुहि आप घेरि बछ-ग्वाल, लै आये ब्रज मोहनलाल ।
बेनु की धुनि सुनि गोपी धाई, अपने कंठनि लै लपटाई ।
धूरि झारि पुनि पुनि मुख चूमनि, नहि कहि परै प्रेम की घूमनि ।
उबटन उबटि सलिल अन्हवाये, मनभाये भोजन करवाये ।
उपज्यो प्रेम तिन विषै ऐसौ, पाछे नंदसुवन सौं जैसौ ।
अब सुनि लै गाइन की पेम, बिसरत जिहिं दिखि मुनि मन नेम ।
खरिक निकट जब बछरा बोलै, सुनतहि गोधनवृंद कलोलै ।
हूँकि हूँकि आतुर गति आवनि, इत तें इन बछरन की धावनि ।
चुरनि, चुखावनि, चाटनि, चूंबनि, बार बार हित की वह हूँसनि ।
आपुहि बछरा, आपुहि बाल, बिहरत ब्रज बन मोहनलाल ।
एकाकी जस खेलत कोई, खेलत ताहि कछु न सुख होई ।
ऐसैं बरस दिवस निरबह्यौ, संकर्षन हू नाहिन लह्यौ ।
इक दिन गिरि गोधन पर गाइ, चरति ही चढ़ी आपने चाइ ।
ब्रज-समीप बछरन अवहेरि, चलीं जु ग्वाल सके नहि फेरि ।
स्वच्छ पुच्छ ऊँची करि लई, मानहुँ दुरत चँवर छबि छई ।
उनि गनि पग डारनि, हुंकारनि, सींचति थननि दूध की धारनि ।
अपने बछरन पै चलि आई, मिली आइ, कछु नहि कहि जाई ।

बदन बदन मुसकनि छबि लसी, नंदन मध्य चंद्रिका जसी।
भिन्न भिन्न ब्रह्मांड बिराजैं, तिन मधि इक इक मूरति भ्राजैं।
ब्रह्महिं आदि चराचर जिते, मूरति धरे उपासत तिते।
अनिमा महिमादिक सिधि जिती, महदादिक बिभूति है तिती।
काल-करम-गुन अवर न अंत, सेवत हैं तहँ मूरतिवंत।
सुधि गई बिधिहिं अचेतन भयौ, हंस कौ अस पकरि रहि गयौ।
तिहि छिन ताहि फबी छबि ऐसी, चतुर्मुखी कोउ पुतरी जैसी।
सरस्वति पति बिचार इमि करै, कहा आहि यह सुधि नहिं परै।
तब श्री हरि निज हिये बिचारि, अज पर अजा जवनिका डारि।
कही कि ये अभिमानी लोग, मो महिमा नहिं चाहत जोग।
तब श्री हरि वह माया जिती, अंतरध्यान करी तहँ तिती।
बड़ी बेर बिधि सुधि भई ऐसैं, मरि कै बहुरि उठत कोउ जैसैं।
दृग उघारि जौ चितवन चहै, तौ वह श्री बृंदावन अहै।
जामैं सब सुंदर, तरु सुंदर, जे कबहूँ निरखे न पुरंदर।
नर हरि-मृग जहँ इक सँग चरैं, क्षुतपियास नैंक न संचरैं।
सुख भरि श्री हरि कौं नित चहैं, जाके काम-क्रोध-भय रहैं।
तहँ निरखे ब्रजराजकुमार, अद्वै ब्रह्म अनंत अपार।
बहुरि अगाध बोध श्रुति बोलै, सो बछ-बालक ढूँढ़त डोलै।
परस्यौ धरनि चरनन पर जाइ, सब मुकटन करि परसत पाइ।
ज्यौं ज्यौं वह महिमा उर फुरै, उठि उठि पद-पंकज सौं घुरै।
श्री हरि कछु न कहत हँसि सोये, हमरे खेल आनि इन खोये।
ऐसौं प्रभु हरि-महिमा करि जोरयौ, बृंदावन की रज मैं खोरयौ।

वदन सदन मुसकानि छबि लसी, चंदन मध्य चंद्रिका जसी ।
भिन्न भिन्न ब्रह्मांड बिराजैं, तिन मधि इक इक मूरति भ्राजैं ।
ब्रह्महिं आदि चराचर जिते, मूरति धरे उपासत तिते ।
अनिमा महिमादिक सिधि जिती, महदादिक विभूति है तिती ।
काल-करम-गुन अवर न अंत, सेवत हैं तहँ मूरतिवंत ।
सुधि गई बिधिहिं अचेतन भयौ, हंस कौ अंस पकरि रहि गयौ ।
तिहिं छिन ताहि फबी छबि ऐसी, चतुर्मुखी कोउ पुतरी जैसी ।
सरस्वति पति विचार इमि करै, कहा आहि यह सुधि नहिं परै ।
तब श्री हरि निज हिये बिचारि, अज पर अजा जवनिका डारि ।
कही कि ये अभिमानी लोग, मो महिमा नहिं चाहत जोग ।
तब श्री हरि वह माया जिती, अंतरध्यान करी तहँ तिती ।
बड़ी बेर बिधि सुधि भई ऐसें, मरि कै बहुरि उठत कोउ जैसें ।
दृग उघारि जौ चितवत चहै, तौ वह श्री वृंदावन अहै ।
जामैं नर सुंदर, तरु सुंदर, जे कबहूँ निरखे न पुरंदर ।
अरु हरि-मृग जहँ इक सँग चरै, क्षुतपियास नैक न संचरै ।
सुभ गति श्री हरि कौं नित चहै, ताके काम-क्रोध-भय रहै ।
तहँ निरखे ब्रजराजकुमार, अद्वै ब्रह्म अनंत अपार ।
बहुरि अगाध बोध श्रुति बोलै, सो बछ-बालक ढूँढत डोलै ।
परयौ धरनि चरनन पर जाइ, सब मुकटन करि परसत पाइ ।
ज्यौं ज्यौं वह महिमा उर फुरै, उठि उठि पद-पंकज सौं घुरै ।
श्री हरि कछु न कहत हँसि सोये, हमरे कौन आनि उन खोये ।
इहि सु हरि-महिमा करि बोरयौ, बृंदाबन की रज मैं खोरयौ ।

पूर्व पक्ष

जो कहहु कि तुम अन दुर्बोध, पायो परे न जाको शोध।
तो पै उतर दुस्तर संसार, कैसै तरिहैं, परिहैं पार।
तहां कहत विधि माथ नवाइ, सुनहु नाथ निज प्राप्ति उपाइ।
ग्यान विषै प्रयास परिहरैं, तुम्हरी कथा विषै मन धरैं।
जैसे सुंदर संत तुम्हारे, कथा-अमृत के वरपनहारे।
तिन पै सुनैं, श्रवन रस भरैं, मन-वच-कर्म वंदन पुनि करैं।
बैठे ठौर कथा-रस पीवैं, जे इहि भांति जगत में जीवैं।
अहो अजित! तिन करि तुम जीते, ग्यानी डोलत भटकत रीते।
सब विधि कहत ग्यान है जोई, भक्ति बिना सोउ सिद्ध न होई।
तुम्हरी भगति अमीरस-सरवर, मोच्छादिक जाके बस निर्झर।
तिहि तजि जे केवल बोध कों, करत कलेस चित्त सोध कों।
तिन कहुँ छिन ही छिन श्रम बढ़ै, और कछू न तनक कर चढ़ै।
जैसे कनविहीन लै धान, धमकि धमकि कूटत अग्यान।
फल नहिं निस्च यहे दुख भरैं, खोटत हाथनि फोटक परैं।
सब विधि सदाचार-विधि लिये, करत सनान भक्ति दृढ़ हिये।
हो प्रभु ! पाछे बहुतक भोगी, तजि तजि भोग भये भल जोगी।
फिर अस्टांग जोग अनुसरैं, ग्यान हेतु बहुतै तप करैं।
थकि श्रम मानि तहां तैं फिरैं, तुम कहुँ कर्म समर्पन करैं।
तिन करि सुद्ध भयो मन मर्म, तब कीने प्रभु तुम्हरे कर्म।
कथा श्रवन करि पाई भक्ति, जाके संग फिरत सब मुक्ति।
ता करि आतमतत्व कौं पाइ, बैठे सहज परम गति पाइ(जाइ?)।

पूर्व पक्ष

जौ कहहु कि तुम अगम अगोय, पायो परै न जाको गोय।
तौ पै अतर दुस्तर संसार, कैसैं तरिहैं, परिहैं पार।
तहां कहत विधि माथ नवाइ, सुनहु नाथ निज प्राप्ति उपाइ।
ग्यान विषै प्रयास परिहरैं, तुम्हरी कथा विषै मन धरैं।
जैसैं सुंदर संत तुम्हारे, कथा-अमृत के वरषनहारे।
तिन पै सुनैं, श्रवन रस भरैं, मन-वच-कर्म वंदन पुनि करैं।
बैठे ठौर कथा-रस पीवैं, जे इहि भांति जगत मैं जीवैं।
अहो अजित! तिन करि तुम जीते, ग्यानी डोलत भटकत रीते।
सब विधि कहत ग्यान है जोई, भक्ति विना सोउ सिद्ध न होई।
तुम्हरी भगति अमीरस-सरवर, मोच्छादिक जाके वस निर्झर।
तिहि तजि जे केवल बोध कौ, करत कलेस चित्त सोध कौ।
तिन कहुँ छिन ही छिन श्रम बढ़ै, और कछू न तनक कर चढ़ै।
जैसैं कनविहीन लै धान, धमकि धमकि कूटत अग्यान।
फल नहिं निरफल सहै दुख भरैं, खोटक हाथनि फोटक परैं।
अब विधि सदाचार-विधि लिये, करत सनान भक्ति दृढ हिये।
हो प्रभु! पाछे बहुतक भोगी, तजि तजि भोग भये भल जोगी।
किये अस्टांग जोग अनुसरैं, ग्यान हेतु बहुतै तप करैं।
पुनि श्रम मानि तहां तैं फिरैं, तुम कहुँ कर्म समर्पन करैं।
तिन करि सुद्ध भयौ मन मर्म, तब कीने प्रभु तुम्हरे कर्म।
कथा श्रवन करि पाई भक्ति, जाके संग फिरत सब मुक्ति।
ता करि आतमतत्व कौं पाइ, बैठे सहज परमगति पाइ(जाइ?)।

रज गुन तें उपज्यो अग्यानी, तुम तें भिन्न ईस अभिमानी।
मायामद उनमद ह्वै गयौ, सूझै न कछू, अंध तम छयौ।
यातें अनुकंपाही करौ, भृत्य जानि कछु जीय न धरौ।
चारचौ फुटौ जु जन जानियौ, ताकौ नाथ न बुरौ मानियौ।

पूर्व पक्ष

जौ कहहु कि कयौ इतौ लिलाहि, तुम हूँ तौ इक ईसुर आहि।
तहाँ कहत बिधि जोरे हाथ, वातें समुझि कहौ ब्रजनाथ।
कित हौं कित महिमा नाथ की, कहत हौं चीटी हथी साथ की।
प्रकृति, महद, हंकार, अकास, वायु, वारि, वसुमती, हुतास।
सप्तावरन जु यह इक भौन, तुम ही कहौ तहाँ हौं कौन।
सप्त बितस्ति काइ कौं करचौ, रहत वहुत कहाँ धौं परचौ।
ऐसौ कोटि कोटि ब्रह्मंड, तुमरी एक रोम के खंड।
उपजत भ्रमत फिरत नहिं चैन, जैसैं जालरंध्र त्रिसरैन।
निपटहि तुच्छ, न काहू लाइक, कृपा करौ, न लरौ ब्रजनाइक।
हौं प्रभु जैसैं जननी-गर्भ, रहत है निपट अबुध वह अर्भ।
कूखि बिषै कर-चरनन तानै, तौ कहा मात बुरौ है मानै।
तैसैं हौं नव कूखि के माहीं, करत कलोल कछू सुधि नाहीं।
अब कहत कि हौं तुम्हरौ चेरौ, तुम तें प्रगट जनम यह मेरौ।
जब सब लोग चराचर जितौ, प्रलय-उदधि मधि मज्जत नितौ।
तब हौं तुम्हरी नाभि-कमल तें, निकस्यौं नहिं इहि उदर अमल तें।
'कमलज कमलज' मेरौ नाम, मृषा आहि जानैं सब ग्राम।

रज गुन तैं उपज्यो अग्यानी, तुम तै भिन्न ईस अभिमानी।
मायामद उनमद ह्वै गयौ, सूझै न कछू, अंध तम छयौ।
यातैं अनुकंपाहीं करौ, भृत्य जानि कछु जीय न धरौ।
चारचौ फुटी जु जन जानियौ, ताकौ नाथ न बुरौ मानियौ।

पूर्व पक्ष

जौ कहहु कि क्यौं इनौ लिलाहि, तुम हूँ तौ इक ईसुर आहि।
तहां कहत विधि जोरे हाथ, यातैं समुझि कहौ ब्रजनाथ।
कित हौं कित महिमा नाथ की, कहत हौं चीटी हथी साथ की।
प्रकृति, महद, हंकार, अकास, वायु, वारि, वसुमती, हुतास।
सप्तावरन जु यह इक भौन, तुम ही कहौ तहाँ हौं कौन।
सप्त वितस्ति काइ कौं करचौ, रहत बहुत कहाँ धौं परचौ।
ऐसौ कोटि कोटि ब्रह्मंड, तुमरी एक रोम के खंड।
उपजत भ्रमत फिरत नहिं चैन, जैसै जालरंध्र त्रिसरैन।
निपटहि तुच्छ, न काहू लाइक, कृपा करौ, न लरौ ब्रजनाइक।
हौं प्रभु जैसै जननी-गर्भ, रहत है निपट अबुध वह अर्भ।
कूखि विषै कर-चरनन तानै, तौ कहा मात बुरौ है मानै।
तैसै हौं तव कूखि के माहीं, करत कलोल कछू सुधि नाहीं।
अब कहत कि हौं तुम्हरौ चेरौ, तुम तैं प्रगट जनम यह मेरौ।
जब सब लोग चराचर जितौ, प्रलय-उदधि मधि मज्जत नितौ।
तब हौं तुम्हरी नाभि-कमल तैं, निकस्यौं नहिं इहि उदर अमल तैं।
'कमलज कमलज' मेरौ नाम, मृषा आहि जानै सब ग्राम।

बिंब मध्य प्रतिबिंब ज्यौं होइ, जाकौं कहैं-चहैं सब कोइ।
प्रतिबिंब में बिंब दिखरावै, माया बिन यह क्यों बनि आवै।
जानें थर थर कपत हियौ, अजहूँ सुधि न कहा है कियौ।
प्रथमहि मैं तुम देखे एक, बहुरयौ बालक-बच्छ जितेक।
बेन, बिखान, बेत्र दल जिते, ह्वै रहे चारु चतुर्भुज तिते।
पुनि इक इक ब्रह्मांड के नाइक, सेवत मो समेत सब लाइक।
पुनि अति एक एक छबि बाढ़े, देखे मैं मनमोहन ठाढ़े।
तव महिमा कौतुक जो आहि, को समरथ जानै जो ताहि।
हो प्रभु तव-पद-कमल सुदेस, ताके रस प्रसाद कौ लेस।
कबहूँ काहू पैं ढुरि आवै, तब भल महिमा तत्वहि पावै।
ऐसें अस्तुति बहु बिधि कीनी, निर्गुन-सगुन रूप रँग भीनी।
पुनि प्रार्थत सब सुरन कौ रानौ, भक्ति-बिभौ जु देखि ललचानौ।
अहो नाथ ! मो कहुँ यों करौ, जो तरुना करुना रस ढरौ।
इहि जनम मैं, और जनम मैं, नर जनम मैं, तृजग जनम मैं।
तुमरे भक्तन मैं कछु ह्वै कैं, सोऊ चरन-सरोजन छ्वै कै।
अब बिधि भक्तानंद जु पर्यौ, ब्रज को भाग सराहन लग्यौ।
हो प्रभु धन्य धन्य ये गोपी, धनि ये धेनु परम रस ओपी।
बालक ह्वै, बछ ह्वै प्रभु जिन के, पीवत भये पयोधर तिन के।
बहुरयौ तनक स्तन-पय पाइ, बार बार तुम रहत अघाइ।
गाय के धन्य-भाग हौ ग्वाल, तहँ तुम तनकौ नहिन अघात।
यह ब्रजजन कौ भाग बड़ाई, हो प्रभु, मो पै नहि कहि जाई।
जा प्रभु के आनँद कौ लेस, बरनें अज, सिव, सेस, महेस।

बिंब मध्य प्रतिबिंब जो होइ, जाकौं कहैं-चहैं सब कोइ।
प्रतिबिंब में बिंब दिखरावै, माया बिन यह क्यों बनि आवै।
जानें थर थर कपत हियौ, अजहूँ सुधि न कहा है कियौ।
प्रथमहिं मैं तुम देखे एक, बहुरचौ बालक-बच्छ जितेक।
वेनु, विषान, बेत्र दल जिते, ह्वै रहे चारु चतुर्भुज तिते।
पुनि इक इक ब्रह्मांड के नाइक, सेवत मो समेत सब लाइक।
पुनि अति एक एक छवि बाढ़े, देखे मैं मनमोहन ठाढ़े।
तब महिमा कौतुक जो आहि, को समरथ जानै जो ताहि।
हो प्रभु तव-पद-कमल सुदेस, ताके रस प्रसाद कौ लेस।
कबहूँ काहू पै ढुरि आवै, तब भल महिमा तत्वहि पावै।
ऐसें अस्तुति बहु बिधि कीनी, निर्गुन-सगुन रूप रँग भीनी।
पुनि प्रार्थत सब सुरन कौ रानी, भक्ति-बिभौ जु देखि ललचानी।
अहो नाथ! मो कहुँ यों करौ, जौ तरुना करुना रस ढरौ।
इहि जनम मैं, और जनम मैं, नर जनम मैं, तृजग जनम मैं।
तुमरे भक्तन मैं कछु ह्वै कैं, सोऊ चरन-सरोजन छ्वै कैं।
अब बिधि भक्तानद जु पर्यौ, ब्रज को भाग सराहन लग्यौ।
हो प्रभु धन्य धन्य ये गोपी, धनि ये धेनु परम रस ओपी।
बालक ह्वै, बछ ह्वै प्रभु जिन के, पीवत भये पयोधर तिन के।
बहुर्यौ तनक स्तन-पय पाइ, बार बार तुम रहत अघाइ।
जग के जग्य-भाग हो खात, तहँ तुम तनकौ नहिन अघात।
इह ब्रजजन कौ भाग बड़ाई, हो प्रभु, मो पै नहि कहि जाई।
जा प्रभु के आनँद कौ लेस, बरनत अज, सिव, सेस, महेस।

इन के भक्ति लहलहत ऐसी, देखी सुनी न कितहूँ तैसी ।
मोहिं सो सोच परयौ है महा, हौं प्रभु इन कौं दैहौं कहा ।
बड़ी बड़ाई मुकति तुम्हारे, जाकौं चार्यौ वेद पुकारे ।
इन के वेष मात्र पूतना, महा पापिनी, जगत बूतना ।
चहर्यौ प्रभु कौं मारन कारन, आई थन लगाइ गर दारुन ।
सो वह बकी सकल कुल लै कैं, बैठी जाइ तनक विष दै कैं ।
जिन के गेह देह धन धाम, लागे सकल रावरे काम ।
दैहौं कहा महा अरफेरौ, मोह्यौ जात इहाँ मन मेरौ ।
हौं जानौं नित रिनी रहौंगे, टक टक इन के वदन चहौंगे ।

पूर्व पक्ष

जो कहहु कि ये सो सब रागी, सुत, वित, मित्र, विषै-रस पागी ।
मोहि कोउ वीतराग भल पावै, तहं विधि भक्ति-विभौ दिखरावै ।
हे सुंदर वर नंदकिसोर, रागादिक तबई लगि चोर ।
तबई लगि बंधन आगार, देह, गेह अरु नेह विचार ।
तबई लगि दिढ़ जजर जेरी, मोह-लोह की पाइनि बेरी ।
तब लौं सबनि वासना छये, जब लगि तुम्हरे नाहिन भये ।
जो कोउ कहै प्रभु-वैभव जितौ, हम सम्यक जानत हैं तितौ ।
जानहु ते जानहु जो जग चर, मो तै तौ मन, वचन अगोचर ।
अब मो कौं अपनौ करि जानौ, मो कृत कछु अपराध न मानौ ।
हमरौ ग्यान दौर्ज बल जितौ, प्रभु तुम सम्यक जानहु तितौ ।
इतनौ मांगत अहो अनंत, वदन करौं कल्प परजंत ।

इन के भक्ति लहलहत ऐसी, देखी सुनी न कितहुँ तैसी।
मोहिं सो सोच पर्‌यौ है महा, हौं प्रभु इन कौं दैहौं कहा।
बड़ी बड़ाई मुकति तुम्हारे, जाकौं चार्‌यौ वेद पुकारे।
इन के वेष मात्र पूतना, महा पापिनी, जगत धूतना।
चहर्‌यौ प्रभु कौं मारन कारन, आई थन लगाइ गर दारुन।
सो वह बकी सकल कुल लै कै, बैठी जाइ तनक विष दै कै।
जिन के गेह देह धन धाम, लागे सकल रावरे काम।
दैहौ कहा महा अरफेरौ, मोह्यौ जात इहाँ मन मेरौ।
हौं जानौं नित रिनी रहौंगे, टक टक इन के वदन चहौंगे।

पूर्व पक्ष

जौ कहहु कि ये सौ सब रागी, सुत, वित, मित्र, विषै-रस पागी।
मोहि कोउ वीतराग भल पावै, तहँ विधि भक्ति-विभौ दिखरावै।
हे सुंदर वर नंदकिसोर, रागादिक तबई लगि चोर।
तबई लगि बंधन आगार, देह, गेह अरु नेह विथार।
तबई लगि दिढ़ जजर जेरी, मोह-लोह की पाइनि बेरी।
तब लौं सननि वासना छये, जब लगि तुम्हरे नाहिन भये।
जो कोउ कहै प्रभु-वैभव जितौ, हम सम्यक जानत हैं तितौ।
जानहु ते जानहु जो जग चर, मो तै तौ मन, वचन अगोचर।
अब मो कौं अपनौ करि जानौं, मो कृत कछु अपराध न मानौ।
हमरौ ध्यान दीजै जन जितौ, प्रभु तुम सम्यक जानहु तितौ।
इतनौ माँगत अहौ अनंत, वदन करौं कल्प परजंत।

देखहु हो ये द्रुम या बन के, सब सुख करने, हरने मन के ।
निसा निकरि परसत तुव पाइ, जानत हौं कछु इन कौ भाइ ।
कहत कि हो ईस्वर जगनाइक, हौ तौ तुम सबहिन सुखदाइक ।
ऐ परि हम पर बहुतें ढरें, जातें या बन के द्रुम करे ।
अरु देखहु या बन के भृंग, बोलत डोलत तुम्हरे संग ।
जनु ये मुनिगन अलि ह्वै आये, जदपि गुपत तदपि लखि पाये ।
धनि यह धर जा पर पग धरौ, धनि ये कुंज जहाँ संचरौ ।
धनि ये सरित-सरिता जहँ खोरत, धनि ये कुसुम जिनहिं कर तोरत ।
इहि बिधि बिहरत बृंदाबन मैं, छिन छिन अति रति उपजत मन मैं ।
कहुँ कहुँ हंसन मिलि सु कलोलत, वैसैं ही डोलत, वैसैं ही बोलत ।
कहूँ मत्त निरतत दिखि मोर, तैसैं ही निरतत नंदकिसोर ।
कहूँ मदांध मधुप जहँ गावत, तिन सँग मिलि गावत छबि पावत ।
कबहूँ दूरि जाइ जब गाइ, ललित कदंबन पर चढ़ि जाइ ।
आनँदघन सम सुंदर टेरनि, इत उत वह हेरनि, पट-फेरनि ।
हे गंगे, हे हे गोदावरि, हे जमुने, हे भावरि, चावरि ।
हे मंजरि, हे कुंजरि, सीयरि, हे हे धौरी, धूमरि, पीयरि ।
कबहूँ मल्लजुद्ध मिलि खेलत, मद गज ज्यौं ठेलत, पग पेलत ।
स्रमित होत आवत तरु तरें, किसलय सयन, सु पेसल करें ।
पौढ़त सखा सघन सिर नाइ, कोई बड़भाग पलोटत पाइ ।
कोई कोमल पद लै कर मीजत, कोई लै कुसुम बीजना बीजत ।
कोई अति मधुर मधुर सुर गावत, सांवरे कुंवरहि नींद अनावत ।
कबहूँ बल भैया के पाइ, आपुन होंहि दावत भरि भाइ ।

देखहु हो ये द्रुम या बन के, सब सुख करने, हरने मन के ।
सिखा निकरि परसत तुव पाइ, जानत हौं कछु इन कौ भाइ ।
कहत कि हो ईस्वर जगनाइक, हौ तौ तुम सबहिन सुखदाइक ।
ऐ परि हम पर दहुनैं ढरैं, जातैं या बन के द्रुम करैं ।
अरु देखहु या बन के भृंग, बोलत डोलत तुम्हरे संग ।
जनु ये मुनिगन अलि ह्वै आये, जदपि गुपत तदपि लखि पाये ।
धनि यह बन जा पर पग धरौ, धनि ये कुंज जहाँ संचरौ ।
धनि ये सरन्सरिता जहँ खोरत, धनि ये कुसुम जिनहिं कर तोरत ।
इहि बिधि बिहरत बृंदाबन मैं, छिन छिन अति रति उपजत मन मैं ।
कहुँ कहुँ हंसन मिलि सु कल्लोलत, वैसैं ही डोलत, वैसैं ही बोलत ।
कहूँ मत्त निरतत दिखि मोर, तैसैं ही निरतत नंदकिसोर ।
कहूँ मदांध मधुप जहँ गावत, तिन सँग मिलि गावत छबि पावत ।
कबहुँ दूरि जाइ जब गाइ, ललित कदंबन पर चढ़ि जाइ ।
आनँदघन सम सुंदर टेरनि, इत उत वह हेरनि, पट-फेरनि ।
हे गंगे, हे हे गोदावरि, हे जमुने, हे भावरि, चावरि ।
हे मंजरि, हे कुजरि, सीयरि, हे हे धौरी, धूमरि, पीयरि ।
कबहूँ मल्लजुद्ध मिलि खेलत, मद गज ज्यौं ठेलत, पग पेलत ।
स्रमित होत आवत तरु तरैं, किसलय सयन, सु पेसल करैं ।
पौढ़त सखा सघन सिर नाइ, कोई बड़भाग पलोटत पाइ ।
कोई कोमल पद लै कर मींजत, कोई लै कुसुम बीजना बीजत ।
कोई अति मधुर मधुर सुर गावत, साँवरे कुँवरहिं नींद अनावत ।
कबहूँ बल भैया के पाइ, आपुन हरि चापत भरि भाइ ।

जमुनहिं मिल्यौ निकट ही महा, अति अगाध ह्रद कहियै कहा ।
विष की आगि लागि जल जरै, उडते खग जहँ गिरि गिरि परैं ।
पवन लागि उठि तुठि जल लहरै, तिन तैं विष की फुही जु फहरै ।
एक जोजन के थिर चर जंत, जरि जरि मरि मरि गये अनंत ।
जो वृंदावन जोग्य न हुते, ते सब विष-जल-ज्वाला हुते ।
ताहीं ढिंग इक मृदुल कदंब, सो छ्वै सक्यौ न विष कौ अंब ।
या पर कृष्न-चरन परसिहैं, इहि चढि या दुष्टहि करसिहैं ।
भावी जा कदंब की ऐसै, विष-जल परसि सकै तिहि कैसे ।
ऐसै ही भावी सवन जु आहि, कालादिक छ्वै सकत न ताहि ।
कान्ह कह्यौ कि हमारी जमुना, क्यौं पूछियै विष भरी अमुना ।
सखिनहिं मुख्ख करन कलमले, छवि सौं उहि कदंब ढिंग चले ।
किंकिनि सौं कटि पटहिं लपेटि, कुटिल अलक मुकट मैं समेटि ।
चट दै जिहि कदंब पर चढे, छाजत ता छिन अति छवि बढे ।
जिहिं जल छुवत जात जन जरै, तिहिं जल कुँवर कूदि ही परै ।
वर वारन ज्यौं जल मैं धसरै, सत सत धनु चहुँ दिसि पय पसरै ।
अति उधम सुनि काली डर्यौ, वज्र पर्यौ कि गरुर वल कर्यौ ।
अग्र अग्र आयौ रिस भर्यौ, कोमल कुंवर दिष्टि-पथ पर्यौ ।
नूतन घन तन सुंदर स्याम, तडि दिव पीतवसन अभिराम ।
घन इव. तड़ि दिव उपमा ऐसैं, साखा विन ससि सुझै न जैसैं ।
बिहरत विभु अपने रस-रंग, ईस्वरता कछु नाहिन संग ।
ताकौं वह जानै यह नीच, लोचन भरे महा तम कीच ।
अरुन तरुन नै कोमल पाइ, उसन भयौ दुरात्मा आइ ।

जमुनहिं मिल्यौ निकट ही महा, अति अगाध ह्रद कहिये कहा ।
तिह की आगि लागि जल जरै, उडते खग जहँ गिरि गिरि परैं ।
पवन लागि उठि लुठि जल लहरै, तिन तैं विष की फुही जु फहरैं ।
उहि आंगन के थिर चर जंत, जरि जरि मरि मरि गये अनंत ।
जो वृंदावन जोग्य न हुते, ते सव विष-जल-ज्वाला हुते ।
नाहीं ढिंग इक मृदुल कदंब, सो छ्वै सक्यौ न विष कौ अंव ।
या पर कृष्न-चरन परसिहैं, उहि चढि या दुष्टहि करसिहैं ।
भावी जा कदंव कौ ऐसै, विष-जल परसि सकै तिहि कैसे ।
ऐसै ही भावी सवल जु आहि, कालादिक छ्वै सकत न ताहि ।
कान्ह कह्यौ कि हमारी जमुना, क्यौं पूछियै विष भरी अमुना ।
सखनिहिं मुद्ध करन कलमले, छवि सौं उहि कदंव ढिंग चले ।
किंकिनि सौं कटि पटहि लपेटि, कुटिल अलक मुकट मैं समेटि ।
चट दै जिहि कदंव पर चढे, छाजत ता छिन अति छवि वढे ।
जिहि जल छुवत जात जन जरे, तिहि जल कुँवर कूदि ही परे ।
वर वारन ज्यौं जल मैं धसरै, सत मन धनु चहुँ दिसि पय पसरै ।
अति उधम सुनि काली उरच्यौ, वज्र परचौ कि गरुर वल करचौ ।
अन्ध अन्ध आयौ रिस भरचौ, कोमल कुँवर दिष्टि-पथ परचौ ।
नूतन घन तन सुंदर स्याम, तडि दिव पीतवसन अभिराम ।
घन इव. तड़ि दिव उपमा ऐसें, साञ्झा विन ससि सुझै न जैसें ।
विहरत विभु अपने रस-रंग, ईस्वरता कछु नाहिन संग ।
नागौं यह जानै यह नीच, लोचन भरे महा तम कीच ।
अहह नगन ये कोमल पाइ, उमत भयौ दुरात्मा आइ ।

तिन तें अगिनि की चिनगी परें, ठाढ़े उहां तीर के जरें।
ऐसैं काली सौं बनमाली, खेलन लगे सकल गुनसाली।
वाम भाग दिये तिहि उर मेलत, जैसैं गरुड़ सर्प सौं खेलत।
बढ़ि गयौ ओज उरग कौ ऐसैं, नाग दवन के देखत जैसैं।
पुनि ताके फन पर चढ़ि गये, सकल कला गुरु निर्तत भये।
सोहैं नंद-सुवन तहँ ऐसैं, सेस उपर नाराइन जैसैं।
तिहि छिन यक्ष गंधर्व जितेक, लै लैं ताल मृदंग अनेक।
सुघर सुघर जे सुर लोक के, सिव लोक के बिष्नु ओक के।
अद्भुत नर्तक नांहि कछु बचे, सर्प फनन पर तांडव नचे।
फनन तें निकसि निकसि मनि परैं, पगन में झलमल झलमल करैं।
तैसिय हरि-नख-मनि की जोति, सब दिसि जगमग जगमग होति।
जोई जोई फन अहि उन्नत करै, तहँ तहँ मान कान्ह कौ परै।
पगन की कूटनि दुखित जु भयौ, सर्प कौ दर्प सबै गिरि गयौ।
कहत कि यह बल नहिन मनुज कौ, निरबधि ईस्वर बल जु अनुज कौ।
नागनाथ अहि निपटहि डरयौ, मन करि चरन सरन अनुसरयौ।
दुखित देखि ताकी गह तिया, आई थर थर कंपत हिया।
चहूँ नारिकन आगे किये, जैसैं दया फुरै हरि हिये।
नैनन तैं जलकन यों परैं, कमलन तैं जनु मुक्ता झरैं।
बिगलित बसन सु बदन छवि बढ़े, अहि सिसु जनु कि ससिन पर चढ़े।
कछू सुख भरी कछू भय भरी, करि दंडवत स्तुती अनुसरी।
कह्यौ नाथ अनुचित नांहि करयौ, अहि कहुँ दंड न्याय ही धरयौ।
दुष्ट-दमन तुम्हरौ अवतार, हो ईस्वर ब्रजराज-कुमार।

तिन तें अगिनि की चिनगी परें, ठाढ़े इहां तीर के जरें।
ऐसें कालौ सौं वनमाली, खेलन लगे सकल गुनसाली।
वाम भाग दियें तिहि उर मेलत, जैसें गरुड़ सर्प सौं खेलत।
थकि गयौ ओज उरग कौ ऐसें, नाग दवन के देखत जैसें।
पुनि ताके फन पर चढ़ि गये, सकल कला गुरु निर्तत भये।
सोहैं नंद-सुवन तहँ ऐसें, सेस उपर नाराइन जैसें।
तिहि छिन जच्छ गंधर्व जितेक, लै लै ताल मृदंग अनेक।
सुघर सुघर जे सुर लोक के, सिव लोक के बिष्नु ओक के।
अद्भुत नर्तक नहिं कछु बचे, सर्प फनन पर तांडव नचे।
फनन तें निकसि निकसि मनि परैं, पगन में झलमल झलमल करैं।
तैसिय हरि-नख-मनि की जोति, सब दिसि जगमग जगमग होति।
जोइ जोइ फन अहि उन्नत करै, तहँ तहँ लात कान्ह की परै।
पगन की कूटनि दुखित जु भयौ, सर्प कौ दर्प सबै गिरि गयौ।
कहत कि यह बल नहिन मनुज कौ, निरवधि ईस्वर बल जु अनुज कौ।
सावधान अहि निपटहि डरयौ, मन करि चरन सरन अनुसरयौ।
दुखित देखि ताकी गति तिया, आई थर थर कंपत हिया।
बहुते बालक आगे किये, जैसें दया फुरै हरि हिये।
नैनन तें जलकन यौं परैं, कमलन तें जनु मुक्ता झरैं।
बिगलित कच सु बदन छबि बढ़े, अहि सिसु जनु कि ससिन पर चढ़े।
कछू गद्गद भरी कछू भय भरी, करि दंडवत स्तुती अनुसरी।
कह्यौ नाथ अनुचित नहिं करयौ, अहि कहुँ दंड न्याय ही धरयौ।
दुष्ट-दमन तुम्हरौ अवतार, हौ ईस्वर ब्रजराज-कुमार।

श्री सुक कह्यौ अहिन के ठौर, परी रहति नित खगपति दौर।
घेरे खाइ, बहुत हनि जाइ, तब सर्पन मिलि कियौ उपाइ।
आवहु मास मास बलि दीजै, इहि बिधि भले कैऊ दिन जीजै।
तब पर्बनि पर्बनि तरु तरे, अपनी अपनी बलि लै धरे।
यह अति बिष-बीरज-मद भर्यौ, गरुड तें रंचक नाहिन डर्यौ।
अपनौ भाग, अवर कौ भाग, खाइ जाइ यह काली नाग।
सुनि कै कुपित भयौ द्विजराज, कद्रू-सुतहि हनन के काज।
महा बेग धरि रिस भरि धायौ, बल-आलय उरगालय आयौ।
इत यह बली बानि भिहरानौ, मधु-रिपु-आसन अति समुहानौ।
इक सत फनन फुकात सु तानौ, द्वै सत लोचन अनल चुवातौ।
अति बल गरुड़ नखायुध जाके, दूजौ मधुसूदन बल ताके।
बाम पच्छ, नव कंचनमई, रहपट एक जु ताकौं दई।
तहँ तैं भज्यौ सु बिह्वल भयौ, धाइ आइ इहि दह दुरि गयौ।
इहां गरुर कौ कछु न बसानौ, फिरि गयौ सौभरि संका मानौ।
सुनि कै प्रस्न करौ नृप ऐसैं, हो प्रभु ! सोभरि संका कैसै।
तब राजा सौं श्री सुक कहै, सौभरि कौ तहँ आश्रम रहै।
एक समै इहि दह मैं आइ, खगपति कीनौ बहुत उपाइ।
तहँ के मीनन कहँ दुख दीनौ, तिन कौ राउ पकरि है लीनौ।
जलचर दुखित देखि कै खरे, बोले रिषि अति करुना भरे।
अब कै जौ ह्यां खगपति आवै, प्रान सहित तौ जान न पावै।
अहिनौ कालौ जानत आहि, और न लोगनि जानत नाहि।
सो यह कालौ, हरि बनमाली, काढ़ि दियौ करि कीरति बिसाली।

श्री सुक कह्यौ अहिन के ठौर, परी रहति नित खगपति दौर।
धारे खाइ, बहुत हनि जाइ, तब सर्पन मिलि कियौ उपाइ।
आवहु मास मास बलि दीजै, इहि बिधि भले कैऊ दिन जीजै।
तब पर्वनि पर्वनि तरु तरे, अपनी अपनी बलि लै धरे।
यह अति बिष-बीरज-मद भर्यौ, गरुड तैं रंचक नाहिन डर्यौ।
अपनौ भाग, अवर कौ भाग, खाइ जाइ यह काली नाग।
सुनि कै कुपित भयौ द्विजराज, कद्रू-सुतहि हतन के काज।
महा बेग धरि रिस भरि धायौ, बल-आलय उरगालय आयौ।
इत यह बली बालि भिहरानी, मधु-रिपु-आसन अति समुहानी।
एक सत फनन फुकात सु तानी, द्वै सत लोचन अनल चुचाती।
अति बल गरुड़ नखायुध जाके, दूजौ मधुसूदन बल ताके।
बाम पच्छ, नव कंचनमई, रहपट एक जु ताकौं दई।
तहँ तै भज्यौ सु बिह्वल भयौ, धाइ आइ इहि दह दुरि गयौ।
यहां गरुड़ कौ कछु न बसानी, फिरि गयौ सौभरि संका मानी।
सुनि कै प्रस्न कर्यौ नृप ऐसैं, हो प्रभु ! सोभरि संका कैसै।
तब राजा सौं श्री सुक कहै, सौभरि कौ तहँ आश्रम रहै।
एक समै इहि दह मैं आइ, खगपति कीनौ बहुत उपाइ।
तहँ के मीनन कहँ दुख दीनौ, तिन कौ राउ पकरि है लीनौ।
जलचर दुखित देखि कै खरे, बोले रिषि अति करुना भरे।
अब कै जौ ह्यां खगपति आवै, प्रान सहित तौ जान न पावै।
अहिनौ कालौ जानत आहि, और न लोगनि जानत नाहि।
सो यह कालौ, हरि बनमाली, काढ़ि दियौ करि कीरति बिसाली।

जे द्रुमलता दवानल जरे, अमी-दृष्टि करि तेरौई करे।
भोर भये अपने ब्रज आये, मिटे असंगल, मंगल गाये।
अगिनि पान हरि जान कौं, गान जु करिहैं कोइ।
महा भार संसार-भर, बहुरि न परिहैं सोइ॥

अष्टादश अध्याय

अब सुनि अष्टादसौं अध्याइ, सुनत सहज सब ताप नसाइ।
जामैं कृष्न केलि अभिराम, हतिहैं असुर प्रलंबहि राम।
श्री सुक कहत हैं हो नृप सत्तम, अवर एक लीला सुनि उत्तम।
गोप-बेष करि अद्भुत सोहत, राम-कृष्न सब के मन मोहत।
ग्रीषम रितु आपने सुभाइक, प्रगटची जगत सबन दुखदाइक।
अति निदाघ नहँ कछु सुधि नाहीं, दादुर दुरे फनी-फन-छांहीं।
सो बृंदावन मधि जब आयौ, सरस बसंत समान सुहायौ।
ठौं ठौं गिरि तैं निर्झर झरैं, ते वै सलिल सिलन पर परैं।
तिन तैं बहति जु सरिता गहिरी, दूरि दूरि लौं परसति लहरी।
बहुरि अनेक अगाध सु सरवर, रस झूमरे, घूमरे तरवर।
तिन के तर तृन-बीरुध जिते, हरित हरित रँग भरित सु तिते।
तरनि किरन जिन नेंक न परसैं, छिन छिन मैं छवि तिन मैं सरसैं।
कुसुमित बनराजी अति राजी, जैसी नहिन बसंत बिराजी।
ठौर ठौर सर सरसिज फूले, डोलत लंपट अलिकुल भूले।
सरस पवन, अरु चंदन सीत, मिलि जु बहत, सुख कहियें कौन।

जे द्रुमलता दवानल जरे, अमी-दृष्टि करि तेसेई करे।
भोर भये अपने ब्रज आये, मिटे अमंगल, मंगल गाये।
अगिनि पान हरि जान कों, गान जु करिहैं कोइ।
महा झार संसार-झर, बहुरि न परिहैं सोइ॥

अष्टादश अध्याय

अब सुनि अष्टादसौं अध्याइ, सुनत सहज सब ताप नसाइ।
जामैं कृष्न केलि अभिराम, हतिहैं असुर प्रलंबहि राम।
श्री सुक कहत हैं हो नृप सत्तम, अवर एक लीला सुनि उत्तम।
गोप-बेष करि अद्भुत सोहत, राम-कृष्न सब के मन मोहत।
ग्रीषम रितु आपनै सुभाइक, प्रगट्यौ जगत सबन दुखदाइक।
अति निदाघ तहँ कछु सुधि नाहीं, दादुर दुरें फनी-फन-छाँहीं।
सो बृंदावन मधि जब आयौ, सरस वसंत समान सुहायौ।
ठौं ठौं गिरि तैं निर्झर झरैं, ते वै सलिल सिलन पर परैं।
तिन तें बहति जु सरिता गहिरी, दूरि दूरि लौं परसति लहरी।
बहुरि अनेक अगाध जु सरवर, रस झूमरे, घूमरे तरवर।
तिन के तर तृन-बीरुध जिते, हरित हरित रँग भरित जु तिते।
तरनि किरन जिन नेंक न परसैं, छिन छिन मैं छवि तिन मैं सरसैं।
कुसुमित बनराजी अति राजी, जैसी नहिन वसंत बिराजी।
ठौर ठौर सर सरसिज फूले, डोलत लंपट अलिकुल भूले।
सुमन्द पवन, अरु चवन पौन, मिलि जु बहत, सुख कहियै कौन।

श्रीदामा वृषभादिक ग्वाल, बल दिसि गये बजावत गाल।
जमुना पुलिन ललित चौगान, खेलन लगे जान-मनि जान।
लै गये मारि टोल बल प्यारे, कमल-नयन दिसि के सब हारे।
तिन पर चढ़ि चढ़ि बल ओर के, चले चपल अपनी जोर के।
श्रीदामा हरि पर चढ़ि चले, को ठाकुर जो खेल मैं रले।
बल प्रलंब पर सोहत ऐसें, सो उपमा अब कहियत कैसें।
बट भंडीर तीर लगि चढ़े, लै गये बालकेलि रस बढ़े।
कान्ह कुँवर की दृष्टि बचाइ, असुर अवधि तै आगे जाइ।
अपने रूपहि आश्रित भयौ, तब ही अंबर लौ चढ़ि गयौ।
ता छिन भयौ भयानक भारी, पहिरे कंचन-भूपन कारी।
ता पर सकर्षन अति सोहे, ब्रजबालक बिलोकि सब मोहे।
जो होइ कारी भारी घटा, बिच बिच चमकै-दमकै छटा।
ऊपर सरद चंद होइ जैसें, सोहैं रोहिनि-नंदन तैसें।
बिकट बदन अरु बड़े दंत, बिकट भृकुटि दृग अग्नि बमंत।
तपन ताम्र से सिररुह लसै, तब दिखि हलधर रंचक त्रसै।
पुनि सुधि आइ तनक मुसकाइ, दियौ जु मुठिका मूँड बनाइ।
किरच किरच ह्वै गयौ लिलार, मुख तै चली रुधिर की धार।
धर्‌यौ प्रलंब न कछु सभार्‌यौ, गिरि जनु गिरत बज्र कौ मार्‌यौ।
सोइ पसारि असुर जब पर्‌यौ, निरखि रूप तब सब ब्रज डर्‌यौ।
पुरि पुरि मिले ग्वालगन ऐसें, मरि गयौ कोउ फिरि आवत जैसें।
अमर निकर बर अतिसय हरषे, बल पर सुमन सु सुंदर बरषे।
कृष्न पर लै ब्रज कौं आवत, बालक-वृंद सु कीर्तन गावत।

श्रीदामा वृषभादिक ग्वाल, बल दिसि गये बजावत गाल।
जमुना पुलिन ललित चौगान, खेलन लगे जान-मनि जान।
लै गये मारि दाँव बल प्यारे, कमल-नयन दिसि के सब हारे।
तिन पर चढ़ि चढ़ि बल ओर के, चले चपल अपनी जोर के।
श्रीदामा हरि पर चढि चले, को ठाकुर जो खेल मैं रले।
बल प्रलंब पर सोहत ऐसें, सो उपमा अब कहियत कैसें।
बट भंडीर तीर लगि चढ़े, लै गये बालकेलि रस बढ़े।
कान्ह कुँवर की दृष्टि बचाइ, असुर अवधि तै आगे जाइ।
अपने रूपहि आश्रित भयौ, तब हौ अंबर लौ चढि गयौ।
ता छिन भयौ भयानक भारी, पहिरे कंचन-भूषन कारी।
ता पर मकर्पन अति सोहे, ब्रजबालक बिलोकि सब मोहे।
जो होइ कारी भारी घटा, बिच बिच चमकै-दमकै छटा।
ऊपर सरद चंद होइ जैसे, सोहै रोहिनि-नंदन तैसे।
बिकट बदन अरु बड़े दंत, बिकट भृकुटि दृग अग्नि बमंत।
तपन ताम्र से सिररुह लसे, तब दिखि हलधर रंचक त्रसे।
पुनि सुधि आइ तनक मुसकाइ, दियौ जु मुठिका मूँड बनाइ।
सिरस किरच ह्वै गयौ लिलार, मुख तै चली रुधिर की धार।
धर्यौ प्रलंब न कछु सँभार्यौ, गिरि जस गिरत बज्र कौ मार्यौ।
सोइ पसारि असुर जब पर्यौ, निरखि रूप तब सब ब्रज डर्यौ।
धूरि धूरि मिले ग्वालगन ऐसे, मरि गयौ कोउ फिरि आवत जैसे।
अमर निकर बर अतिसय हरषे, बल पर सुमन सु सुंदर बरषे।
हलधर लै ब्रज कौं आवत, बालक-वृंद सु कीर्तन गावत।

तब हरि इक कदंब पर चढ़े, छाजत तिहि छिन अति छबि बढ़े ।
मनु नव कुल कौ फल रस-पग्यौ, है कदंब एकै यह लग्यौ ।
चंचल दृगन कौ इत उत हेरनि, मधुर मधुर टेरनि, पट फेरनि ।
मुकुट कौ झलकनि, कुंडल झलकनि, कछु कछु राजति गोरज अलकनि ।
लै लै नामन गाइन टेरे, यह छबि सदा बसहु मन मेरे ।
धवरी उत तें चाइन चाइन, हरि-मुख तें सुनि अपने नाइन ।
प्रेम सहित आवनि, हुंकारनि, सींचत धरनि दूध की धारनि ।
आनि जु भई धेनु इकठौरी, धौरी धौरी, अति छबि बौरी ।
सब के कंठनि कंचन-माला, सोहत सुंदर नयन बिसाला ।
घनन घनन घंटागन गजैं, अमरराज-गज की छबि लजैं ।

हरि सनमुख आवति उमहि, उज्जल गोधन-धार ।
समुदहि मनहुँ मिलन चली, गंग भई सतधार ॥

ऐसेंहि माहिं दवानल लग्यौ, वृप-रवि-रस्मि परसि जगमग्यौ ।
प्रबल पवन लागि अनि झर झरटैं, लतन सौं लपटि द्रुमन सौं लपटैं ।
जरि जरि नाग तमाल जु लटके, पटके बाँस, काँस-तृन चटके ।
डरे गोप-गोधनगन सबै, आये नंद-सुवन ढिंग तबै ।
ज्यौं कोउ काल व्याल तें डरे, भजि हरि-चरन-सरन अनुसरै ।
कहन लगे कि अहो बलराम, हो श्रीकृष्ण कृष्ण घनस्याम ।
राखि लेहु हम बंधु तुम्हारे, जरत हैं सबै दवानल जारे ।
तब हँसि बोले मोहनलाल, मूँदहु नैन धेनु, बछ, बाल ।
जब सब के दृग मुद्रित भये, तब हरि अगिनि पान करि गये ।
दृग उघारि जौ चहुँदिस अभीर, ठाढ़े वट भांडीर के तीर ।

तब हरि इक कदंब पर चढ़े, छाजत तिहि छिन अति छबि बढ़े।
पत सब कुल कौ फल रस-पग्यौ, हि कदब एकै यह लग्यौ।
चंचल दृगन कौ इत उत हेरनि, मधुर मधुर टेरनि, पट फेरनि।
मुकुट की झलकनि, कुंडल झलकनि, कछु कछु राजति गोरज अलकनि।
लै लै नामन गाइन टेरे, यह छबि सदा बसहु मन मेरे।
टगरी उत तैं धाइन धाइन, हरि-मुख तैं सुनि अपने नाइन।
प्रेम सहित आवनि, हुंकारनि, सींचत धरनि दूध की धारनि।
आनि जु भई धेनु इकठौरी, धौरी धौरी, अति छबि बौरी।
सब के कंठनि कंचन-माला, सोहत सुंदर नयन बिसाला।
घनन घनन घंटागन गजैं, अमरराज-गज की छबि लजैं।

हरि सनमुख आवति उमहि, उज्जल गोधन-नार।
समुदहि मनहुँ मिलन चली, गंग भई सतधार॥

ऐसेहि नाहि दवानल लग्यौ, नृप-रवि-रस्मि परसि जगमग्यौ।
प्रबल पवन लागि अति झर झरटैं, लतन सौं लपटि द्रुमन सौं लपटै।
जरि जरि ताल तमाल जु लटके, पटके बाँस, काँस-तृन चटके।
डरे गोप-गोधनगन सबै, आये नंद-सुवन ढिंग तबै।
ज्यौं कोउ काल ब्याल तैं डरै, भजि हरि-चरन-सरन अनुसरै।
कहन लगे कि अहो बलराम, हो श्रीकृष्न कृष्न घनस्याम।
राखि लेहु हम बंधु तुम्हारे, जरत हैं सबै दवानल जारे।
तब हँसि बोले मोहनलाल, मूँदहु नैन धेनु, बछ, बाल।
जब सब के दृग मुद्रित भये, तब हरि अगिनि पान करि गये।
दृग उघारि जौ चहुँदिस अभीर, ठाढ़े बट भांडीर के तीर।

जैसैं नृप अपनौ कर लेइ, समय पाइ पुनि परजहिं देइ ।
तड़ित-दृगन करि मेघ महंत, देखे ताप तपे सब जंत ।
प्रेरे पवन सु जीवन बरषैं, सबन के दुख करषैं, मन हरषैं ।
जैसैं करुन पुरुष पर हेत, अपने प्यारे प्रानन देत ।
ग्रीष्म-ताप करि कृश हुती धरनी, सरस भई, सोहति वर बरनी ।
ज्यौं सकाम कोउ फल कौं पाइ, भोगन भुगति पुष्टि ह्वै जाइ ।
साँझ समै पटबिजना चमकैं, घन करि छपे नखतगन दमकैं ।
ज्यौं कलि विषैं पाप पाखंड, नहिन निगम के धरम प्रचंड ।
घन-गरजनि सुनि मुदित जु भेक, बोले बरनि अनेक अनेक ।
ज्यौं गुरु आग्या सुनि चटसार, चटा पढ़ि उठत एक हि बार ।
पाछे सुकी हुती जे सरिता, उत्पथ चलीं बहुत जल भरिता ।
अजितेंद्रिय नर ज्यौं इतराइ, देह, गेह, धन, संपति पाइ ।
बूढ़ी लूटी जु हरित भई धरनी, उछलीध्र छवि फवि हियहरनी ।
जनु कोउ भूपति उतर्यौ आइ, छत्र तनाइ, बिछौन बिछाइ ।
निपजे छेत्र फागुनी धान, तिनहिं निरखि हरखे जु किसान ।
धनी लोग उपतापहि जाहीं, दैवाधीन सु जानत नाहीं ।
जल के, थल के बासी जिते, जल-सोभा करि सोभित तिते ।
जैसैं हरि-सेवा करि कोई, रुचिर रूप अति राजत सोई ।
सरित-संग करि छुभित जु सिंधु, उमगि ऊरमी, ह्वै गयौ अंधु ।
ज्यौं अपक्व जोगी चित धाइ, विषयन पाइ भ्रष्ट ह्वै जाइ ।
गिरिगन पर जलधर बर बरसैं, ऐ परि गिरि कछु विथा न परसैं ।
बरसैं पै बिरसैं नहिं ऐसैं, कष्टन पाइ कृष्नजन जैसैं ।

जैसें नृप अपनौ कर लेइ, समय पाइ पुनि परजहिं देइ।
तड़ित-द्रुगन करि मेघ महंत, देखे ताप तपे सब जंत।
प्रेरे पवन जु जीवन बरषै, सबन के दुख करषै, मन हरषै।
जैसें करुन पुरुष पर हेत, अपने प्यारे प्रानन देत।
ग्रीष्म-ताप करि कृश हुती धरनी, सरस भई, सोहति वर बरनी।
ज्यौं सकाम कोउ फल कौं पाइ, भोगन भुगति पुष्टि ह्वै जाइ।
साँझ समै पटबिजना चमकै, घन करि छपे नखतगन दमकै।
ज्यौं कलि विषै पाप पाखंड, नहिन निगम के धरम प्रचंड।
घन-गरजनि सुनि मुदित जु भेक, बोले बरनि अनेक अनेक।
ज्यौं गुरु आग्या सुनि चटसार, चटा पढ़ि उठत एक हि बार।
पाछे सूकी हुती जे सरिता, उत्पथ चली बहुत जल भरिता।
अजितेंद्रिय नर ज्यौं इतराइ, देह, गेह, धन, संपति पाइ।
बूढ़ी लूटी जु हरित भई धरनी, उछलीध्र छवि फबि हियहरनी।
जनु कोउ भूपति उतरयौ आइ, छत्र तनाइ, बिछौन बिछाइ।
निपजे छेत्र कागुनी धान, तिनहिं निरखि हरखे जु किसान।
धनी लोग उपतापहि जाही, दैवाधीन सु जानत नाही।
जल के, थल के बासी जिते, जल-सोभा करि सोभित तिते।
जैसें हरि-सेवा करि कोई, रुचिर रूप अति राजत सोई।
सरित-संग करि छुभित जु सिंधु, उमगि ऊरमी, ह्वै गयौ अंबु।
ज्यौं अपक्व जोगी चित धाइ, विषयन पाइ भ्रष्ट ह्वै जाइ।
गिरिगन पर जलधर बर बरसै, ऐ परि गिरि कछु बिथा न परसै।
परसे पै निरसै नहिं ऐसें, कष्टन पाइ कृष्नजन जैसें।

एकविंश अध्याय

अब सुनि इकईसौं अध्याइ, सरद समैं वृंदावन जाइ।
बेनु बजैहैं मोहनलाल, तिहि सुनि सुंदर ब्रज की बाल।
बरनन करिहैं परम पुनीत, अहो मीत ! सुनि गोपी-गीत।
सरद स्वच्छ जल-कमल जितेक, प्रफुल्लित भये अनेक अनेक।
तिन की बास बायु लै गयौ, ता करि सब बन बासित भयौ।
तिहि बन अच्युत मोहनलाल, गवने बल-बालक-गोपाल।
भौंरौं सुमन कुसुमगन फूले, मधुकर मत्त फिरत जहँ भूले।
तरुवर, सरवर के खग जिते, मुद भरि करत कुलाहल तिते।
तहँ गिरि गोधन सुछ छबि छये, नित बरसत, सरसत सुख नये।
जहँ नँद-नंदन चारत धेनु, मधुर मधुर सुर बजवत बेनु।
सो वह बेनु-गीत सु रसाल, सुनत भई ब्रज मैं ब्रजबाल।
बढ्यौ जु तन-मन प्रेम अनंग, मनु उत ही हैं हरि के संग।
बरनत भई सखिन प्रति ऐसैं, परतछ कान्ह कुँवर वर जैसैं।
हे सखि ! दिखि नटवर बपु धरैं, कर्ननि कँवल कर्निका करैं।
धरैं मुकुट चटकीलौ माथ, फेरत कमल दाहिने हाथ।
राजत उर बैजंती माल, चलत जु मत्त द्विरद की चाल।
अधर-सुधा मुरली के रंध्रनि, निकसति मिलि सुर सप्त सुगंधनि।
ता करि सब बन पूनित कियौ, काहू माँझ रह्यौ नहिं हियौ।
निज पद अंकित, नित कमनीय, वृंदारन्य परम रमनीय।
तहाँ अबेर करत छबि पावत, गोपबृंद जस कीरति गावत।

एकविंश अध्याय

अब सुनि इकईसौं अध्याइ, सरद समै वृंदावन जाइ ।
बेनु बजैहैं मोहनलाल, तिहिं सुनि सुंदर ब्रज की बाल ।
बरनन करिहैं परम पुनीत, ग्रहो मीत ! सुनि गोपी-गीत ।
सरद स्वच्छ जल-कमल जितेक, प्रफुलित भये अनेक अनेक ।
तिन की बास बायु लै गयौ, ता करि सब बन बासित भयौ ।
तिहिं बन अच्युत मोहनलाल, गवने बल-बालक-गोपाल ।
औरौ सुरस कुसमगन फूले, मधुकर मत्त फिरत जहँ भूले ।
तरुवर, सरवर के खग जिते, मुद भरि करत कुलाहल तिते ।
तहँ गिरि गोधन सुछ छबि छये, नित बरसत, सरसत सुख नये ।
तहँ नँद-नंदन चारत धेनु, मधुर मधुर सुर बजवत बेनु ।
सो वह बेनु-गीत सु रसाल, सुनत भई ब्रज मैं ब्रजबाल ।
बढ्यौ जु तन-मन प्रेम अनंग, मनु उत ही हैं हरि के संग ।
बरनत भई सखिन प्रति ऐसैं, परतछ कान्ह कुँवर बर जैसैं ।
हे सखि ! दिखि नटवर वपु धरैं, कर्ननि कँवल कर्निका करैं ।
धरैं मुकुट चटकीलौ माथ, फेरत कमल दाहिने हाथ ।
राजत उर बैजंती माल, चलत जु मत्त द्विरद की चाल ।
अधर-सुधा मुरली के रंध्रनि, निकसति मिलि सुर सप्त सुगंधनि ।
ता करि सब बन धूनित कियौ, काहू माँझ रह्यौ नहिं हियौ ।
निज पद अंकित, नित कमनीय, वृंदारन्य परम रमनीय ।
तहाँ प्रवेस करत छबि पावत, गोपवृंद जस कीरति गावत ।

मुनि पुनि कर्म फलन तजि जैसें, अप अपनी श्रुति-सापा वैसें ।
कमल-नयन अवलोकन करें, फलन के अंतर नहिं सहि परें ।
तरैऊ इह बन खगगन जिते, मुनि हौंन के जोग हैं तिते ।

अन्याहु

हे सखि ! चेतन जन की रहौ, ये जु अचेतन ते किन चहौ ।
बेनु-गीत सुनि सरिता जिती, उमगि मनोभव बिथकित तिती ।
बीचि जु भ्रमत भँवर अभिराम, मारत मनहि ससूने काम ।
लै लै अमल कमल उपहार, लहरि भुजन करि ढारहि ढार ।
पसारे चहत स्याम के पाउ, जैसें काम-बिथा मिटि जाइ ।

अन्याहु

बन में बल अरु सुंदर स्याम, पसु चारत, परसत दिखि घाम ।
निरखहु सजनि नेह कौ नेह, छत्र करि लियौ अपनौ देह ।
छांह किये डोलत दिन संग, फुहीं फूल बरषत बहु रंग ।
कनक-दंड जिमि दामिनि बनी, छाजति छबि कछु परत न गनी ।
सखा भयौ घन घनस्याम कौ, मानौ मानि एक नाम कौ ।
जग-आरति हरनें, रस-सनें, दोऊ आनि एक से बनें ।

अन्याहु

हे सखि ! मेह-नेह की रहौ, भील-भामिनी तन किन चहौ ।
प्रमुदित बन जु फिरति हैं सखी, मैं इक इनके मन की लखी ।
प्रिया-उरज कुंकुम-रस-रंगे, ते कुंकुम हरि पिय-पद लगे ।
परस तें बन-तृन भूषित भये, ते तृन इन नीचन लखि पये ।

मुनि पुनि कर्म फलन तजि जैसें, अप अपनी श्रुति-सापा बैसें।
कमल-नयन अवलोकन करैं, फलन के अंतर नहिं सहि परैं।
तैसेई इह बन खगगन जिते, मुनि हौन के जोग हैं तिते।

अन्याहु

हे सखि ! चेतन जन की रही, ये जु अचेतन ते किन चही।
बेनु-गीत सुनि सरिता जिती, उमगि मनोभव विथकित तिती।
बीचि जु भ्रमत भँवर अभिराम, मारत मनहि मसूसे काम।
लै लै अमल कमल उपहार, लहरि भुजन करि ढारहि ढार।
पकरे चहत स्याम के पाइ, जैसें काम-बिथा मिटि जाइ।

अन्याहु

बन में बल अरु सुंदर स्याम, पसु चारत, परसत दिखि घाम।
निरखहु सजनि नेह कौ नेह, छत्र करि लियौ अपनौ देह।
छाँह किये डोलत दिन संग, फुहीं फूल बरषत बहु रंग।
कनक-दंड जिमि दामिनि बनी, छाजति छवि कछु परत न गनी।
सखा भयौ घन घनस्याम कौ, नातौ मानि एक नाम कौ।
जग-आरति हरने, रस-सने, दोऊ आनि एक से बने।

अन्याहु

हे सखि ! मेह-नेह की रह्यौ, भील-भामिनी तन किन चह्यौ।
प्रमुदित ये जु फिरति हैं सखी, मैं इक इनके मन की लखी।
प्रिया-उरज कुंकुम-रस-पगे, ते कुंकुम हरि पिय-पद लगे।
परस तें धन-तृन भूषित भये, ते तृन इन नीयन लखि पये।

'नंद' इकीस अध्याइ यह, ऐसैं सुनि चित चाहि ।
प्रिया-वचन जिमि पीय के, सुनियैं फल अवगाहि ॥

द्वाविंश अध्याय

विवि विंसत अध्याइ सुनि मित्र, वस्त्रहरन मनहरन पवित्र ।
नंद गोप व्रज की दारिका, अद्भुत अद्भुत सुकुमारिका ।
जदपि समस्त विवाहित आहि, नंद-सुवन के रूपहि चाहि ।
विवस भईं पति परिहरि परिहरि, करत भईं व्रत हिय हरि धरि धरि ।
हिम रितु प्रथम मास अभिराम, देवी कात्यायनी जु नाम ।
तिहि पूजन जमुना-तट जाहिं, तहाँ न्हाइ हविषा कछु खाहिं ।

व्रत को पूर्व भाग कहत हैं

उठैं बड़े भोर चाइन चाइन, बोलत छवि सौं मधुरी भाइन ।

कछुक आगमोक्त भक्त तिन के नाम कहत हैं

प्रेमकला, विमला, रतिकला, कामकला, नवला चंचला ।
चंद्रकला, चंद्रावलि, चंदनि, जग-वदनि वृपभान की नंदनि ।
कामलता, ललिता, रतिवेलि, रूपलता, चंपकलता एलि ।
अवर अनेक नहिन कहि परै, चंचल नैन मैन-मन हरैं ।
सब मिलि मैं आवति छवि पावनि, नूतन मंगल गीतन गावति ।
इहि विधि जमुना-तट आवति, अतिसैं करि मन मोद बढ़ावति ।
करि संकल्प नदिन मैं जाइ, मौन धरे विधि सहित अन्हाइ ।
बहुरि कालिंदी कूलन परै, बारू की कर प्रतिमा करैं ।

'नंद' इकीस अध्याइ यह, ऐसैं सुनि चित चाहि ।
प्रिया-बचन जिमि पीय के, सुनियौ फल आहि ।।

द्वाविंश अध्याय

विवि बिंसत अध्याइ सुनि मित्र, वस्त्रहरन मनहरन पवित्र ।
नंद गोप ब्रज की दारिका, अद्भुत अद्भुत सुकुमारिका ।
जद्यपि समस्त विवाहित आहि, नंद-सुवन के रूपहि चाहि ।
विवस भई पति परिहरि परिहरि, करत भई ब्रत हिय हरि धरि धरि ।
हिम रितु प्रथम मास अभिराम, देवी कात्यायनी जु नाम ।
तिहि पूजन जमुना-तट जाहिं, तहाँ न्हाइ हविषा कछु खाहिं ।

ब्रत कौ पूर्व भाग कहत हैं

उठैं बड़े भोर चाइन चाइन, बोलत छवि सौं मधुरी भाइन ।

कछुक आगमोक्त भक्त तिन के नाम कहत हैं

प्रेमकला, विमला, रतिकला, कामकला, नवला चंचला ।
चंद्रकला, चंद्रावलि, चंदनि, जग-वंदनि वृषभान की नंदनि ।
कामलता, ललिता, रतिबेलि, रूपलता, चंपकलता एलि ।
अवर अनेक नहिन कहि परैं, चंचल नैन मैन-मन हरैं ।
सब मिलि नैं आवति छबि पावति, नूतन मंगल गीतन गावति ।
अस्नान विधि जमुना-तट आवति, अतिसैं करि मन मोद बढ़ावति ।
करि संकल्प मन्दिर मैं जाइ, मौन धरे विधि सहित अन्हाइ ।
बहुरि कालिंदी कूलन सरैं, बारु की करि प्रतिमा करैं ।

नंद-महरि के पूत रावरे, जानि बूझि जिनि होहु बावरे।
देहु बसन, बरि गई अति हँसी, सरनि हू सीत सलिल मैं धसी।
पुनि तिन मैं जे प्रौढ़ा आहि, ते बोली हँसि हरि तन चाहि।
हे सुंदर बर ! करहु न हांसी, हम तौ सबै तुम्हारी दासी।
जो तुम कहहु, सोइ हम करिहैं, देहु बसन, बिन काजहि मरिहैं।
जौ न देहुगौ स्याम लाड़ सौं, कहिहैं जाइ नंदराइ सौं।
तब बोले ब्रजराज दुलारे, मैं समझे संकल्प तिहारे।
इत आवहु, रंचक न लजाहु, ब्रत कौ फल लै लै घर जाहु।
नंद-सुवन कौ मन हो जैसैं, निकसीं सब रस-बिकसी तैसैं।
परम प्रेम के फंदन परी, नंद के नंदन खेल की करी।
पुनि बोले ब्रजराज दुलारे, पूर्न मनोरथ होहु तुम्हारे।
पै आत्यंतिक नाहिन ह्वैहै, मन-अभिलाष पाइ पुनि जैहै।
मेरे विषय जु मति अनुसरै, सु मति न बहुरि विषय संचरै।
भुंजित धान जगत मैं जैसै, बीज के काम न आवहि तैसै।
ऐसैं परि जो मो इच्छा होई, भूज्यौ बीज निपजि परै सोई।
आगामिनी जामिनी ऐहै, तिन मैं तुमहि बहुत सुख दैहै।
इहि बिधि बरहि पाइ छबि छई, कैसैं हूँ कैसैं ब्रज गई।
बसन पये, पै मन नहिं पये, मन मनमोहन मोहन गये।

ब्रजतिय कौं दै अपनौ, कृष्न कमल-दल-नैन।
सरदनिसा अपनी करन, चले अनुग्रह दैन॥

तिन के पति जु भक्ति-रति-हीन, कर्मन विषय निपट लवलीन।
तिन तन दृष्टि दियें नंदतात, बन के द्रुमन सराहत जात।

नंद-महरि के पूत रावरे, जानि बूझि जिनि होहु बावरे ।
देहु बसन, बरि गई अति हँसी, सरनि हूं सीत सलिल मैं धसी ।
पुनि तिन मैं जे प्रौढ़ा आहि, ते बोली हँसि हरि तन चाहि ।
हे सुंदर बर ! करहु न हांसी, हम तौ सबै तुम्हारी दासी ।
जो तुम कहहु, सोइ हम करिहैं, देहु बसन, बिन काजहि मरिहैं ।
जौं न देहौ रस भाइ सौं, कहिहैं जाइ नंदराइ सौं ।
तब बोले ब्रजराज दुलारे, मैं समझे सकल्प तिहारे ।
इत आवहु, रंचक न लजाहु, ब्रत कौ फल लै लै घर जाहु ।
नंद-सुवन कौ मन हो जैसे, निकसी सब रस-बिकसी तैसे ।
परम प्रेम के फंदन परी, नंद के नंदन खेल की करी ।
पुनि बोले ब्रजराज दुलारे, पूर्न मनोरथ होहु तुम्हारे ।
पै आत्यंतिक नाहिन ह्वैहै, मन-अभिलाष पाइ पुनि जैहै ।
और विषय जु मति अनुसरै, सु मति न बहुरि विषय सञ्चरै ।
भुंजित धान जगत मैं जैसे, बीज के काम न आवहि तैसे ।
ए पुनि जो मो इच्छा होई, भूज्यौ बीज निपजि परै सोई ।
आगामिनी जामिनी ऐहै, तिन मैं तुमहि बहुत सुख दैहै ।
इहि विधि बरहि पाइ छवि छई, कोनै हूँ कोनै ब्रज गई ।
बसन पये, पै मन नहिं पये, मन मनमोहन गोहन गये ।

ब्रजतिय कौं दै अपनपौ, कृष्ण कमल-दल-नैन ।
गर्वानिनौ अपनौ करन, चले अनुग्रह दैन ॥

तिन के पति जु भक्ति-रति-हीन, कर्मन विषय निपट लवलीन ।
तिन तन दृष्टि दिये मुसकात, बन के द्रुमन सराहत जात ।

जमुना निकट सुभग इक बाग, सब असोक तरु अति बड़भाग।
इक तरु तरे कुँवर घनस्याम, ठाढे कोटि काम अभिराम।
पीतबसन बनमाल रसाल, मोरचंद छवि छाजत भाल।
सखा अंस धरि भुज दिये, केलि-कमल उच्छिन कर किये।
अच्युत गुनगन सुनि हिय धरि धरि, रही हुती उत्कंठा भरि भरि।
सो साच्छात प्रगट रस भरे, अति रोचन लोचन-पथ परे।
दृग-रंध्रन करि अंतर लये, तहँ प्रभु कौं परिरंभन दये।
मुदित भई तिहि छिन सब ऐसैं, तुरिय अवस्था पाइ मुनि जैसैं।
तब बोले हरि हे बड़भागि! नीके आई भरि अनुराग।
प्रतिबंधक जे हुते तिहारे, ते तुम तिन से लघु करि डारे।
सो दरसन हित इत अनुसरी, उचित करी, अनुचित नहिं करी।
जे जन निपुन जथारथ वेदी, स्वारथ अरु परमारथ भेदी।
ते मो विषै भक्ति-रति करैं, फल न कछू रंचक चित धरैं।
हम सब ही के आतमा आहि, तत्ववेत्ता लेत हैं चाहि।
प्रान, बुद्धि, मन, इंद्री, देह, पुत्र, कलित्र, मित्र, धन, गेह।
जाके अध्यास तैं अचेत, प्रिय लागत अपनपै समेत।
सो तुम करि हम पाये सबै, धनि धनि धन्य भई तुम अबै।
अब तुम वेगि जजन प्रति जाहु, द्विज-जग्यन कौ करहु निवाहु।
तुम करि सब समापति कीन्हैं, अवर न कछू तनक मन धरिहैं।
कहत भईं तब सब द्विज तिया, सुनि यह बात धहकि गयौ हिया।
हे सुंदर वर सरसिज-नैन, जिनि बोल्हु अस करकस बैन।
अपनी प्रतिग्या तन किन चहौ, वेद-पुरानन मैं ज्यौं कही।

जमुना निकट सुभग इक बाग, सब असोक तरु अति बड़भाग ।
इक तरु तरे कुँवर घनस्याम, ठाढे कोटि काम अभिराम ।
पीतबसन वनमाल रसाल, मोरचंद छबि छाजत भाल ।
सखा अंस बाएँ भुज दिये, केलि-कमल दच्छिन कर किये ।
अच्युत गुनगन सुनि हिय धरि धरि, रही हुती उत्कंठा भरि भरि ।
सो साच्छात प्रगट रस भरे, अति रोचन लोचन-पथ परे ।
दृग-रंध्रन करि अंतर लये, तहँ प्रभु कौं परिरंभन दये ।
मुदित भई तिहि छिन सब ऐसैं, तुरिय अवस्था पाइ मुनि जैसें ।
तब बोले हरि हे बड़भागि ! नीके आई भरि अनुराग ।
प्रतिबंधक जे हुते तिहारे, ते तुम तिन से लघु करि डारे ।
सो दरसन हित इत अनुसरी, उचित करी, अनुचित नहिं करी ।
जे जन निपुन जथारथ वेदी, स्वारथ अरु परमारथ भेदी ।
ते मो विषै भक्ति-रति करैं, फल न कछू रंचक चित धरैं ।
हम सब ही के आत्मा आहि, तत्ववेत्ता लेत हैं चाहि ।
प्रान, बुद्धि, मन, इंद्री, देह, पुत्र, कलित्र, मित्र, धन, गेह ।
जाके अध्यास तैं अचेत, प्रिय लागत अपनपै समेत ।
सो तुम करि हम पाये सबै, धनि धनि धन्य भई तुम अबै ।
अब तुम देवि जजन प्रति जाहु, द्विज-जग्यन कौ करहु निबाहु ।
तुम करि सब समापति करिहैं, अवर न कछू तनक मन धरिहैं ।
कहत नारी तब सब द्विज तिया, सुनि यह बात बहकि गयौ हिया ।
हे सुंदर वर सरसिज-नैंन, जिनि बोलहु अस करकस बैंन ।
अपनी प्रतिग्या तुम किन चहौ, वेद-पुरानन मैं ज्यौं कही ।

जगपतिनिन जे व्यंजन आने, जाहि कै गोप-गोविंद अघाने।
द्विज जु कहावत जे अति बड़े, तियन की गतिहि देखि सब गड़े।

'नंद' जु गोविंद भक्ति बिन, बड़ौ कहावत कोइ।
बुझै जु दीपक ज्यौं बड़ौ, कहियत वह गति सोइ॥

तियन की गतिहि निरखि द्विज जिते, पश्चाताप करत भये तिते।
जो प्रभु निगम अगम करि गाये, जेंवन मिस ते हम पै आये।
धिग धिग हम, धिग धिग ये क्रिया, धिग धिग विप्र जन्म धिग जिया।
धिग बहुग्यता, धिग सब इपै, विमुख जु कृष्ण अधोक्षज विषै।
यह प्रभु की माया मोहनी, जोगीजन-मन की खोहनी।
जा करि हम द्विज ह्वै मद भरे, गुरु कहाइ सठ भठ मैं परे।
जिन के न कछु सोच आचार, गुरुकुल सेव न तत्त्व विचार।
नहिं जप, नहिं तप, नहिं सुभक्रिया, कर्कस, कुटिल, जटिल नित हिया।
तिन के भई भक्ति-रति जैसी, देखी-सुनी न कित हूँ ऐसी।
सम्यक द्विज कर्मन करि भरे, ते हम है झख मारत परे।
हम करि जदपि सुन्यौ अवतार, जदुकुल विषै हरन भू-भार।
पुनि आये इन करुना-कंद, जाचन पूरन परमानंद।
ओदन कहा चाहियै तिन के, कमला पाइ पलोटत जिन के।
सुमिरि सुमिरि ग्वालन की बात, करत मींजि सब द्विज पछितात।
पुनि यहै हम हूँ उत्तम भये, मन के सब संसय मिटि गये।
जिन की ऐसी तिय बड़भागि, तन-मन-भरी कृष्ण-अनुराग।
जिहि अनुराग हमारे हिये, चपरि कै कमल-नैन मैं किये।

जगपतिनिन जे व्यंजन आने, जाहि कै गोप-गोविंद अघाने ।
द्विज जु कहावत जे अति बड़े, तियन की गतिहि देखि सब गड़े ।

'नंद' जु गोविद भक्ति बिन, बड़ौ कहावत कोइ ।
बुझै जु दीपक ज्यौं बड़ौ, कहियत वह गति सोइ ॥

तियन की गतिहि निरखि द्विज जिते, पश्चाताप करत भये तिते ।
जो प्रभु निगम अगम करि गाये, जेंवन मिस ते हम पै आये ।
धिग धिग हम, धिग धिग ये क्रिया, धिग धिग विप्र जन्म धिग जिया ।
धिग बहुग्यता, धिग सब इपै, विमुख जु कृष्न अधोक्षज विषै ।
यह प्रभु की माया मोहनी, जोगीजन-मन की खोहनी ।
जा करि हम द्विज ह्वै मद भरे, गुरु कहाइ सठ भठ मैं परे ।
जिन के न कछु सोच आचार, गुरुकुल सेव न तत्त्व बिचार ।
नहिं जप, नहिं तप, नहिं सुभक्रिया, कर्कस, कुटिल, जटिल नित हिया ।
तिन के भई भक्ति-रति जैसी, देखी-सुनी न कित हूँ ऐसी ।
सम्यक द्विज कर्मन करि भरे, ते हम है झख मारत परे ।
हम करि जदपि सुन्यौ अवतार, जदुकुल विषै हरन भू-भार ।
पुनि आये इन करुना-कंद, जाचन पूरन परमानंद ।
ओदन कहा चाहियै तिन के, कमला पाइ पलोटत जिन के ।
सुमिरि सुमिरि ग्वालन की बात, करत मींजि सब द्विज पछितात ।
पुनि यहै हम हूँ उत्तम भये, मन के सब संसय मिटि गये ।
जिन की ऐसी तिय बड़भागि, तन-मन-भरी कृष्न-अनुराग ।
जिहि अनुराग हमारे हिये, चपरि कै कमल-नैन मैं किये ।

सो नर नहिं पावै कल्यान, कहत है वेद पुरान सुजान।
महानंद, उपनंद, सुनंद, निजानंद अरु बाबा नंद।
ऐसें करि जब सबहिन कह्यौ, सब के ईस्वर नाहिंन गह्यौ।
सुरपति अति श्रीमद करि छयी, महा गर्ब पर्बत चढ़ि गयी।
तहँ तें ना कहुँ डारयौ चहै, करम की गति लिये बातैं कहै।
ए परि नहि प्रमान ये तित ही, सुरपति मान-भंग के हित ही।
इंद्रहि निरि दिवाइ दंद सौं, बोले मंद मुसकि नंद सौं।
अहो तात वह देव न कोई, करम की गति जु होइ सो होई।
कर्महिं करि उपजत ये जंत, कर्महि करि पुनि सब कौ अंत।
कुसल-छेम, सुख-दुख, भै-अभै, होत है ये कर्मन करि सबै।
रज गुन करि उपजत है मेह, बरषत सब ठाँ नहिं संदेह।
ऊसर पर, पर्बत पर परै, ते सबै कहाँ जग्य है करै।
हमरे नहिं पुर-पट्टन ग्राम, बन, गिरि, नदी, निकट बिश्राम।
जहँ सुख तहँ हम बसहिं निसंक, करिहै कहा पुरंदर रंक।
एक करहु जग्यन कौ जिती, करि ते सुभ सामग्री तिती।
और कछू जिय मैं जिनि आनौ, मेरौ कह्यौ सत्य करि मानौ।
सुनतहि मोहन मुख की बानी, भले भले कहि सबहिन मानी।
कुल-मंडन सपूत सुख-दैना, सब के जीवन, सब के नैना।
रचहु बिबिधि परकार सु व्यंजन, सुभग, सुगंध, स्वच्छ, मनरंजन।
पूवा, सुहारी, मोदक भारी, सूफा, रस-सूफा, दधि न्यारी।
सिखरी मिश्रित पावन करौ, वर संजाव भाव बिस्तरौ।
सूपा दारी, घृत की थारी, रस के बाँदर सुंदर सारी।

सो नर नहिं पावै कल्यान, कहत हैं वेद पुरान सुजान।
महानंद, उपनंद, सुनंद, निजानंद अरु बाबा नंद।
ऐसे करि जब सबहिन कह्यौ, सब के ईस्वर नाहिन गह्यौ।
सुरपति अति श्रीमद करि छयौ, महा गर्ब पर्वत चढ़ि गयौ।
तहँ तें ना कहुँ डार्यौ चहै, करम की गति लिये बातैं कहैं।
ए परि नहिं प्रमान ये तिन हीं, सुरपति मान-भंग के हित हीं।
इंद्रहि निरखि दिवाइ दंद सौं, बोले मंद मुसकि नंद सौं।
अहो तात वह देव न कोई, करम की गति जु होइ सो होई।
कर्महि करि उपजत ये जंत, कर्महि करि पुनि सब कौ अंत।
कुसल-छेम, सुख-दुख, भै-अभै, होत है ये कर्मन करि सबै।
रज गुन करि उपजत है मेह, बरषत सब ठाँ नहिं संदेह।
ऊसर पर, पर्वत पर परै, ते सबै कहाँ जग्य है करै।
हमरे नहिं पुर-पट्टन ग्राम, बन, गिरि, नदी, निकट बिश्राम।
जहँ सुख तहँ हम बसहिं निसंक, करिहै कहा पुरंदर रंक।
एक करहु जग्यन कौ जितौ, करि तै सुभ सामग्री तितौ।
और कछू जिय मैं जिनि आनौ, मेरौ कह्यौ सत्य करि मानौ।
सुनतहि मोहन मुख की बानी, भले भले कहि सबहिन मानी।
कुल-मंडन सपूत सुख-दैना, सब के जीवन, सब के नैना।
रचहु बिबिधि परकार सु व्यंजन, सुभग, सुगंध, स्वच्छ, मनरंजन।
पूवा, सुहारी, मोदक भारी, गूझा, रस-गूझा, दधि न्यारी।
सिखरी मिश्रित पायस करी, बर संजाव भाव बिस्तरी।
सुरपा बारी, घृत की थारी, रस के बोंदर सुंदर सारी।

पंचविंश अध्याय

अब सुनि पंचविंस अध्याउ, पंचविंस निर्मल ह्वै जाउ।
सुनि कै इंद्र भर्‌यौ रिस भारी, लाग्यौ देन सबन कौ गारी।
बन-चर-अधम नंद कौ बेटा, सो भयो हमरे मख कौ मेटा।
ताके बल करि मो सों घाती, रहिहैं गोप कहौ किहि भाँती।
ज्यौं कोउ उरग पूँछि कर धारै, तर्‌यौ चहै सठ सिंधु अपारै।
झूठ की जौ कोउ नाउ बनावै, मूढ़ तहाँ लै कुटँब चढ़ावै।
ऐसे गोपन कृष्न भरोसे, महा बैर कीनो है मो से।
अब देखौ कैसी खिसलाऊँ, गोकुल गाँवहि खोदि बहाऊँ।
बोले मेघन के गन सोउ, जिन के जल जग परलै होइ।
परमातम पर पार के नाइक, कृष्न कमल-लोचन सुखदाइक।
जानत नाहिन कि तिन की कुटी, इंद्र मूढ़ की चारचौ फुटी।
'नंद' कहत श्रीमद सब ऐसे, सुनै न सुत कुबेर के जैसे।
उमगे घन-गन रिस भरि भारे, ताते, राते, पियरे कारे।
गड़गड़ाहिं गाजि बज्र ले परैं, घरहराहि घन ऊधम करै।
चलीं अतिबल बात अघात, उड़े जात कहि बनति न बात।
बरसन लगीं धारा बुँदवारी, मोटे थाँभन हू तै भारी।
तब ब्रजजन जित तित तैं धाये, संकट नंद-कुँवर पै आये।
पौरी पौरी धेनु सु ढौरी, कहौ बंदन के दुख बौरी।
बालन सु गोद, बच्छ उर लिये, छबिली छतिन लग बछरन लिये।
गोबिंद मैं कहि सकत न बात, पर श्री कहत कोमल गात।

पंचविंश अध्याय

अब सुनि पंचविंस अध्याउ, पचविंस निर्मल ह्वै जाउ ।
सुनि कै इंद्र भर्‍यौ रिस भारी, लाग्यौ देन सबन कौ गारी ।
वन-चर-नर नंद कौ बेटा, सो भयो हमरे मख कौ मेटा ।
ताके बल करि मो सौ घाती, रहिहैं गोप कहो किहि भाँती ।
ज्यौं कोउ उरग पूँछि कर धारै, तर्‍यौ चहै सठ सिंधु अपारै ।
झूठ की जो कोउ नाउ बनावै, मूढ़ तहाँ लै कुटँव चढ़ावै ।
ऐसे गोपन कृष्न भरोसे, महा बैर कीनौ है मो से ।
अब इन्हैं बेगी निगलाऊँ, गोकुल गाँवहि खोदि बहाऊँ ।
बोले मेघन के गन सोउ, जिन के जल जग परलै होइ ।
परमातम पर पार के नाइक, कृष्न कमल-लोचन सुखदाइक ।
जानत नाहिन कि तिन की कुटी, इंद्र मूढ़ की चारयौ फूटी ।
'नंद' कहत श्रीमद सब ऐसें, सुनै न सुत कुबेर के जैसे ।
उनचों घन-गन रिस भरि भारे, ताते, राते, पियरे कारे ।
गड़गड़ाहिं गाजि वज्र से परें, घहराहिं घन ऊधम करें ।
बर्षैं अखंड धार अघात, उड़े जात कहि बनति न बात ।
बरस लगी लाग्यौ बूँदधारी, मोटे थंभन ह्वै तैं भारी ।
तब ब्रजजन जिन तिन तैं धाये, सुंदर नंद-कुँवर पै आये ।
धौरी गोरी धेनु जु ढारी, कहाँ बंदन के दुख भारी ।
गोपिन सु गोद, कच्छ जल किये, छकिनी छतिन तर बछरन लिये ।
गोपिन मैं कहि सकत न बात, पर थर कंपत कोमल गात ।

सात दिवस अद्भुत भार ठान्यौ, ब्रजवासिन तनकौ नहिं जान्यौ ।
सुंदर वदन विलोकत आगैं, भूख प्यास उर कौं नहिं लागैं ।
निकसे तब जब गिरिवर भाख्यौ, गोवरधन फिरि तहँई राख्यौ ।
प्रेम-भरी वनिता जुरि आई, वारहिं अभरन लेति बलाई ।
चूमति वदन जसोमति मैया, इत घुरि रह्यौ बड़ौ बल भैया ।
नंद परम आनंदहि पाइ, पूतहि रह्यौ छती लपटाइ ।
मुनिवर, सुरवर, सिधवर जिते, बरषत कुसुम भरे मुद तिते ।
दुंदुभि-धुनि, सुर-धुनि हिय हरै, जै जै धुनि पुनि मुनिवर करैं ।
गावत गुन गंधर्व सु गाइन, नृतत अपछरा चाइन चाइन ।
तिन मधि यह अमरन की रानी, हाँ रानी पै निपट खिसानी ।
हरि दिसि तकि, अपनी दिसि तकै, सुरन मैं वदन दिखाइ न सकै ।
करत सौंडि पछितात हैं ऐसैं, सुरापान करि द्विजवर जैसैं ।
तदनंतर गोपी अरु गोप, ओपे परम ओप की ओप ।
